हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

11 हट्टा बाजार के अतिक्रमण पर चलेगा नपा का पीला पंजा, बाजार में...



12 चरण पादुका अभियान : संवेदनशीलता से समझा जा सकता है ...



AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
फार्मेसी करें:
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
B. PHARMACY
Duration:- 4 Year
D. PHARMACY
Duration:- 2 Year
BMLT
Duration:- 3 Year
DIPLOMA IN YOGA
Duration:- 1 Year
ELIGIBILITY-10+2 MEDICAL & NON-MEDICAL
GAHRA ROAD, KANINA | 9467543958, 9466464921, 8295003528
OPPORTUNITIES
Hospital Pharmacist •
Sales & Marketing •
Manufacturing Pharmacist •
Retail Pharmacist •
Quality Control •
Medical Transcription •

### एबीसी की गिरफ्तारी की तलवार लटकी

# डीआईसी के असिस्टेंट डायरेक्टर राकेश कुमार की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपित निजामपुर रोड स्थित डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स हरियाणा के तत्कालीन इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव (वर्तमान में असिस्टेंट डायरेक्टर) की जमानत याचिका पहले जिला स्तर से खारिज होने के बाद अब माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी उनकी जमानत याचिका को रद कर दिया है। इससे उनकी जमानत मिलने की उम्मीदों को झटका लगा है तथा अब उन पर एबीसी की गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

गौर हो कि गांव डेरोली अहीर निवासी राकेश कुमार यादव वर्तमान में डिपार्टमेंट आफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर कार्यरत हैं। इससे पहले वे निजामपुर रोड पर इसी विभाग के कार्यालय में बतौर इंस्पेक्टर कार्यरत थे। तब 17 अक्टूबर 2023 को ग्रामीण बेरोजगार युवक गांव भांखरी निवासी सन्नी यादव ने पीएमईजीपी योजना के तहत लौन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इस योजना के तहत सरकार करीब 10 लाख रुपये का लौन पास करती है तथा इस पर 35 प्रतिशत सब्सिडी देती है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात सन्नी यादव निजामपुर रोड स्थित डीआईसी कार्यालय पहुंचा और वहां पर उसे तत्कालीन इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव मिले, जिन्होंने सन्नी को ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म चेक करके उसे शीघ्र दस लाख रुपये का लोन पास करने बाबत बताया और कहा कि 60 हजार रुपये फीस के लगेंगे, जो नगद अदा करने होंगे। इस पर आवेदनकर्ता ने राकेश कुमार की बातों पर भरोसा करते हुए 60 हजार रुपये का इंतजाम किया, जिसमें 200 रुपये की एक 100 नोट की गड्डी तथा 500 रुपये के 80 नोट यानि 40 हजार रुपये जुटाए और एक दिन यह राशि डीआईसी कार्यालय जाकर राकेश कुमार को दे दी। जब यह रुपये दिए गए, तब चुपके से सन्नी ने राकेश कुमार की रुपयों समेत मोबाइल से एक वीडियो क्लीप बना ली और उसे अपने पास रख लिया। बाद में करीब तीन-चार महीनों तक वह डीआईसी कार्यालय के चक्कर काटता रहा तथा लौन नहीं मिलने पर दिए गए 60 हजार रुपये वापस मांगे। इस पर 14 फरवरी 2024 को राकेश ने 14 हजार रुपये सन्नी के मोबाइल पर पेटीएम के जरिए पेमेंट कर दी, लेकिन बाकी रुपये नहीं दिए।



नारनौल। कैमरे में कैद रिश्वत के आरोपित राकेश यादव। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने कार्रवाई की बजाए दे दी सूचना

परेशान होकर सन्नी ने 17 फरवरी 2024 को सिटी थाना नारनौल में आरोपित इंस्पेक्टर राकेश कुमार के खिलाफ लिखित शिकायत दे दी, लेकिन पुलिस का कमाल देखिये, उस पर कार्रवाई करने की बजाए उसे शिकायत की सूचना दे दी। जिस पर आरोपित ने मामला खत्म करने के लिए शिकायतकर्ता के घर अपने आदमी 4-5 लाख रुपये देकर भेज दिए, लेकिन शिकायतकर्ता अडिग रहा और यह रुपये प्राप्त नहीं किए।

### गुरुग्राम जाकर दी एसीबी को शिकायत

21 फरवरी 2024 को एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम को शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत कर दी तथा अपने द्वारा राकेश के विरुद्ध जुटाए गए सबूत भी उसे दे दिए। इस पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने करीब एक साल बाद एफआईआर नं 13 दिनांक 16.4.2025 पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराओं के तहत एक मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी।

### जमानतें खारिज

अपने विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने पर आरोपित राकेश ने नारनौल कोर्ट में एडिशन सैशन जज हर्षाली चौधरी की अदालत में जमानत याचिका लगाई, जिसकी 14 मई 2025 को सुनवाई करते हुए अदालत ने उस याचिका को खारिज कर दिया। निचली अदालत में जमानत याचिका खारिज होने के बाद आरोपित राकेश कुमार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में फिर से जमानत याचिका लगाई, जिसकी सुनवाई करते हुए माननीय जसटि्स एनएस शेखावत की अदालत ने उसे भी खारिज कर दिया।

### अब गिरफ्तारी का डर

इस प्रकार जमानत याचिका के दोनों विकल्प अब खत्म हो चुके हैं और उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। अब एबीसी आरोपित एसिस्टेंट डायरेक्टर राकेश कुमार की कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है।

## अवैध शराब के साथ एक पकड़ा, 288 पव्वे बरामद

**नारनौल।** सीआईए पुलिस ने निजामपुर क्षेत्र में गांव मौखुता से कच्चे रास्ते नाकाबंदी के दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने 288 पव्वे देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर आरोपित के खिलाफ थाना निजामपुर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सीआईए पुलिस गश्त के दौरान गांव मौखुता के पास मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव डाबला राजस्थान के ठेका से संदीप वासी मौखुता अपने कैम्पर में शराब लेकर हरियाणा से होते हुए श्यालोदडा जाएगा। जिसमे अवैध शराब रखी हुई है। सूचना के आधार पर टीम ने गांव मौखुता से कच्चा रास्ता पर नाका लगाकर चेकिंग शुरू की, कुछ देर बाद एक कैम्पर को रूकवाकर चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संदीप वासी आजमाबाद मौखुता बतलाया। कैम्पर को चेक करने पर छह पेटी गत्ता शराब रखी मिली, जिनमे कुल 288 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ थाना निजामपुर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



महेंद्रगढ़। मेगा प्रोजेक्ट का काम शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## 2.58 करोड़ की लागत से गांव जड़वा में बनेगा मेगा रीचार्ज एवं सिंचाई प्रोजेक्ट

- सांसद ने की थी सिंचाई मंत्री से पैरवी गौशाला के निकट बनाया जा रहा

**महेंद्रगढ़।** गांव जड़वा में 2.58 करोड़ की लागत से बनने वाले मेगा रीचार्ज एवं सिंचाई प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि फरवरी 2025 में फ्लड कंट्रोल बोर्ड की 56वीं बैठक हुई थी। इसमें इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी। गांव जड़वा में श्री बांके बिहारी गौशाला के निकट बनने वाले इस प्रोजेक्ट में 500 फीट गुणा 350 फीट का एक पक्का सीमेंटड टैंक बनाया जाएगा। साथ हीं 300 फीट गुणा 200 फीट का एक कच्चा जोहड़ भी खोदा जाएगा। पहले से खुदे दो जोहडों को भी चौड़ा किया जाएगा तथा उनकी पाल भी मजबूत की जाएगी। पक्के टैंक की पाल पर 12 फुट चौड़ा ट्रैक भी बनाया जाएगा तथा उसपर इंटर लॉकिंग टाइल लगाई जाएगी। इस ट्रैक पर अंदर की तरफ तारों की फैंसिंग भी की जाएगी। इस ट्रैक पर गांव के लोग सुबह-शाम सैर भी कर सकेंगे। संदीप मालड़ा ने बताया कि जिस स्थान पर ये प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है वहीं पास ही गौशाला की लगभग 40 एकड़ जमीन है। इस पक्के टैंक के पानी से इनकी सिंचाई हो सकेगी, जिससे गौ माता को हरा चारा भी मिलता रहेगा तथा दूध भी बढ़ेगा। यहां आसपास के लगभग 500 बोरवेल के रीचार्ज में सीधा असर होगा तथा गांव बासडी, जड़वा एवं सोहड़ी के किसानों को लाभ मिलेगा। संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव जड़वा की पंचायत ने सांसद धर्मबीर सिंह के साथ-साथ हरियाणा सरकार एवं विधायक कंवर सिंह का भी आभार व्यक्त किया है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

## पॉक्सो मामले में 1 साल से फरार आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पॉक्सो मामले में एक साल से फरार आरोपित को पुलिस ने मधुबनी बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सुरेश पासवान वासी मधुबनी बिहार के रूप में हुई है। आरोपित सुरेश पासवान को समन शाखा ने उसके निवास मधुबनी बिहार से गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ शहर थाना महेंद्रगढ़ में धारा 363, 366ए, आईपीसी व फोर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। उक्त मामले में आरोपित पिछले एक साल से फरार चल रहा था।

## एडवोकेट जितेंद्र सिंह बने सनातन धर्म उत्थान समिति के कानूनी सलाहकार

**कनीना।** गांव झगड़ोली निवासी एडवोकेट जितेंद्र सिंह को सनातन धर्म उत्थान समिति का हरियाणा प्रदेश का कानूनी सलाहकार नियुक्त करने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। सतीश कुमार, मुकेश शर्मा, राजेश कुमार, छोटेलाल ने उनकी नियुक्ति पर समिति के राष्ट्रीय संस्थापक अनिल पाण्डेय, संरक्षक राजेशनाथ, राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत कुमार शर्मा, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय, महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी, प्रवक्ता मोनिका मलिक का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जितेंद्र सिंह की नियुक्ति के बाद समिति को ओर अधिक मजबूती मिलेगी। समिति शांति सुरक्षा व समाज के कल्याण तथा धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत कुमार शर्मा ने कहा कि संस्था भारतवर्ष में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवा के कार्य कर रही है। एडवोकेट जितेंद्र सिंह ने कहा कि संस्था की ओर जो जिम्मेवारी दी गई है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जाएगा।



## मारपीट करने के आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज

**कनीना।** गांव अगिहार निवासी व्यक्ति व उनकी पुत्रियों का रास्ता रोककर बंदूक की नोकपर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में पवन कुमार ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दो पुत्रियों की शादी गोरिया में की हुई है। उनका मोबाइल पर संदेश आया कि उनके पति शराब पीकर उनसे मारपीट करते हैं तथा रुपये की डिमांड करते हैं। वह अपने पुत्र नीलम व सुमन के साथ ऑटो में सवार होकर वहां गया, तो उनकी सास मौके पर मिली। वह अपनी पुत्रियों को लेकर वहां से वापस लौट रहा था तो खरकड़ बास के समीप पहुंचने पर एक स्कॉरपियो गाड़ी तथा बाइक सवारों ने रास्ता रोक लिया और उनके साथ मारपीट की। बाइक पर मनीष, सन्नी व दीपक सवार थे, जबकि स्कॉरपियों में चार पांच व्यक्ति बैठे हुए थे। सन्नी के पास देशी बंदूक व दीपक के पास छुरी बताई गई। जिससे उन पर हमला किया गया। इस मारपीट में वह घायल हो गया। घटना की जानकारी डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय में फाइलें खत्म होने से डोमिसाइल बनाने की प्रक्रिया अटकी, युवाओं का भविष्य अधर में लटका

- सीईटी पंजीकरण का पोर्टल 12 जून को बंद करने का बनाया शेड्यूल
- नौ जून की रात 12 बजे बाद कॉलेज दाखिलों के आवेदन नहीं कर पाएंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

तीन साल लंबा इंतजार करने के बाद सीईटी परीक्षा के आवेदन शुरू हुए हैं। उत्साहित युवाओं ने पंजीकरण के लिए विभिन्न दस्तावेज तैयार कराने आरंभ कर दिए, लेकिन रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय में चार दिनों से फाइलें खत्म हैं। जिस कारण डोमिसाइल व अन्य दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया अटकी हुई है। परेशान युवाओं को सीईटी परीक्षा से वंचित रहने की चिंता सताने लगी है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्परता पूर्वक फाइलें उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

अशोक कुमार, मोना, लक्ष्मी कुमारी, बिरेंद्र सिंह, महेश कुमार, राजेश, मोनिका, अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा स्टॉफ सलेक्सन आयोग ने बीते सप्ताह सीईटी आवेदनों का शेड्यूल निर्धारित किया था। योग्यता रखने वाले युवा 12 जून तक आयोग के पोर्टल पंजीकरण करवा सकते हैं, लेकिन आवेदन के लिए डोमिसाइल, ओबीसी, बीसी, इनकम व अन्य दस्तावेज एक अप्रेल के बाद बने ही स्वीकृत होंगे। अधिकांश युवाओं ने अप्रैल से पहले ही विभिन्न दस्तावेज तैयार करवा लिए थे, लेकिन आयोग ने नवीनतम दस्तावेज अनिवार्य करके युवाओं की परेशानी बढ़ा दी। उन्होंने तत्परता पूर्वक कागज तैयार करने के लिए रेडक्रॉस कार्यालय से फाइलें खरीदनी आरंभ कर दी। डिमांड बढ़ते ही दो दिन में सभी फाइलें खत्म हो गई।





नांगल चौधरी। डोमिसाइल की फाइलों के आभाव में रेडक्रॉस कार्यालय पर लटका ताला। फोटो : हरिभूमि

दूसरी तरफ बिना डोमिसाइल अपलोड किए आवेदन करने पर आवेदक को सामान्य कटेगरी में शामिल कर लिया जाएगा। आरक्षण की सुविधा नहीं मिलने पर युवाओं को नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसलिए सुबह नौ बजे ही सैकड़ों युवा रेडक्रॉस कार्यालय पर पहुंच जाते हैं। यहां कार्यालय पर ताला लटका होने के कारण उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि डोमिसाइल के लिए पहले सरपंच, नंबरदार, पटवारी से रिपोर्ट तस्दीक करानी अनिवार्य है। इसके बाद सरल केंद्र पर फाइल को अपलोड करके आवेदक द्वारा फोटो खिंचवाई जाएगी। विभिन्न प्रक्रिया को पूरी करने में चार से पांच दिन लगने का अनुमान है, बीच में अवकाश आने की स्थिति में समय बढ़ भी सकता है। इधर कार्यालय में अभी तक फाइलें ही उपलब्ध नहीं ऐसे में उनके दस्तावेज अटकने की संभावना बढ़ गई। दूसरी तरफ कॉलेज में दाखिलों के लिए नौ जून तक पोर्टल ओपन रहेगा। इसमें भी विद्यार्थियों को डोमिसाइल समेत विभिन्न दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी। परेशान युवाओं को सीईटी की परीक्षा तथा कॉलेज में दाखिला नहीं होने का भय सताने लगा है।

### उच्चाधिकारियों को डिमांड भेज दी, सप्लाई मिलने का इंतजार

नांगल चौधरी रेडक्रॉस कार्यालय के इंचार्ज कर्मबीर ने बताया कि डोमिसाइल की फाइलें बीते दो तीन से खत्म हैं। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी, लेकिन अभी तक सप्लाई नहीं मिली है। शुक्रवार को विभाग ने एसीएस नारनौल आएंगे, तो सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी। ऐसे में नांगल चौधरी कार्यालय में सेवाएं देना संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलों की सप्लाई मिलते ही युवाओं को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### आवेदन के अंतिम चरण में साइट खराब होने के आसार

तहसील प्रांगण में विभिन्न प्रमाण पत्रों की फाइलें लेने आए युवाओं ने बताया कि सीईटी में 20 लाख से अधिक आवेदन होने की संभावना है। जैसे जैसे अंतिम तारीख नजदीक आएगी तो आवेदनों की रफ्तार बढ़ेगी। ऐसे में साइट हैंग या खराब होने की आशंका बनी रहती है। जिस कारण लाखों युवा आवेदन से वंचित रह सकते हैं। सरल केंद्रों की साइट तो अभी से व्यस्त रहने लगी है अंतिम चरण में स्थिति चिंताजनक होने के प्रबल आसार हैं।

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है





31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी | हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, नारनौल पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
सौजन्य से
RPS SR. SEC. SCHOOL, MAHENDERGARH
Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
THE VEDANTA INTERNATIONAL SCHOOL
Shaping minds, building a better future
7th Mile Stone Narnaul-Mahendergarh Road, Narnaul
SHIV HIGH SCHOOL
Kamania, Nangal Choudhary Distt. Mohindergarh (Hr.)
विला शिक्षा निकेतन
निजामपुर रोड, नजदीक मेघोत हाला नांगल चौधरी, जिला महेंद्रगढ़
VIJAY INTERNATIONAL SCHOOL
Affiliated to CBSE | Affiliation No. 532167
SH-24, SATNALI ROAD, BALANA, MAHENDERGARH (HR)
HINDUSTAN PUBLIC SCHOOL
KANINA ROAD, ATELI



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।



ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।



## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है।इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।



### किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।

### ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

### अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

### जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इप्लिलमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीए कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

### जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

### सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

### स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरियल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

### प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिसप्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

## अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

## असफलता: एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे :** जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें :** आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### आरपीएस कॉलेज बलाना में टैलेंट हंट एवं स्कॉलरशिप टेस्ट रविवार को

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस कॉलेज बलाना में 12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए एक जून को टैलेंट हंट एवं स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने बताया कि इस टैलेंट हंट का आयोजन 12वीं पास साईंस, आर्टस व कॉमर्स विषय से संबंधित सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन कॉलेज में सुबह 10 बजे किया जाएगा। डॉ. यादव ने बताया कि टैलेंट हंट एवं स्कॉलरशिप परीक्षा के साईंस, आर्टस व कॉमर्स विषयों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को लैपटॉप, टैब व फोन ईनाम स्वरुप दिए जाएंगे। इसी प्रकार चौथे स्थान से 50वें स्थान पर विषयवार 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कॉलेज सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को निखारने के अतिरिक्त जरुरतमंद विद्याथियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर जीवन में सफल बनाने का है। शुक्रवार तक कुल 3700 विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके है।

### सिविल डिफेंस वालंटियर को करवाया नामांकन

**मंडी अटेली।** रेडक्रॉस ब्रिगेड ऑफिसर अटेली की टीम द्वारा सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पंजीकरण का कार्य संपन्न करवाया गया। ब्रिगेड ऑफिसर एवं भौतिक प्रवक्ता नवरत्न ने बताया कि उनकी टीम द्वारा पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में विद्यार्थियों के पंजीकरण का कार्य संपन्न करवाया। सभी विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदा, प्राथमिक सहायता तथा सिविल डिफेंस वालंटियर के कर्तव्य पर विस्तार से बताया गया। पीएम श्री अटेली की प्राचार्य कुसुमलता व ताजपुर के प्राचार्य सत्यवीर सिंह ने नामांकन प्रक्रिया में अपना भरपूर सहयोग दिया। प्रक्रिया में ब्रिगेड ऑफिसर राजेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

*दादा के बाद अब पोती ने दिया मिर्जापुर–बाछोद के जोहड़ की सफाई पर ध्यान*

# मानसून से पहले मिर्जापुर–बाछोद के जोहड़ की पूरी तरह से छंटाई व सफाई की जाएगी, बारिश के दिनों में गांव में बन जाती है बाढ़ की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

नेशनल हाईवे 11 पर स्थित मिर्जापुर-बाछौद गांव के जोहड़ की करीब 45 साल बाद छंटाई हो रही है। जोहड़ में गांव का गंदे पानी के साथ बारिश का पानी भी यहीं ठहरने के कारण रोड पर घरों में जलभराव की स्थिति बन रहती है। बारिश के दिनों में गांव में बाढ़ की स्थिति बन जाती है तथा नेशनल हाईवे पर भी जलभराव होने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

ग्रामीण पंच बिरेंद्र, राजकुमार, दीपक व रविंद्र बनिया आदि ने



मंडी अटेली। गांव के जोहड़ की छंटाई करती मशीनें। फोटो: हरिभूमि

बताया कि करीब पांच एकड़ में फैले जोहड़ का पहले पानी, अब उसमें जमी गंदी गाद को युद्ध स्तर पर पोपलेंड, जेसीबी व ट्रैक्टरों की सहायता से निकाला जा रहा है। गांव के जोहड़ की छंटाई के लिए स्थानीय विधायक व मंत्री आरती राव के प्रयासों की ग्रामीणों के साथ–साथ ग्राम पंचायत भी सराहना कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि 40 साल पहले पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह ने गांव के जोहड़ की पूरी तरह से छंटाई करवाई थी। उसके बाद से अब उनकी पोती जो अटेली की विधायक व मंत्री आरती राव ने जोहड़ की छंटाई शुरू करवाई है। दोनों गांवों के दोनों सरपंच व ग्रामीण आपसी भाईचारे के साथ पिछले एक सप्ताह से लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब आरती राव चुनावों के समय ग्रामीणों के बीच में गई थी तो लोगों ने जोहड़ के गंदे पानी के लिए विशेष आग्रह किया था। गांव की सबसे बड़ी समस्या को ध्यान में देखते हुए प्रशासन के अधिकारियों को इस समस्या का हल निकालने के लिए उन्होंने बोला था। उन्होंने ग्रामीणों से कहा था कि जोहड़ की छंटाई मानसून से पहले करवा दी जाएगी।

### ये बोले सरपंच



गांव के जोहड़ के गंदे पानी को निकालने के लिए अप्रैल माह में इंजन आदि लगाकर पानी को बाहर निकाला गया। अटेली विधायक व मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों के चलते इस कार्य को क्रियान्वित किया गया है। पानी सूखने के बाद अब जोहड़ में जमा गाद, मिट्टी को पोपलेंड मशीन, जेसीबी, ट्रैक्टर आदि लगाए हुए हैं। हमारे गांव की सबसे बड़ी समस्या जोहड़ को साफ करने की थी। जोहड़ में गाद व लंबे समय से सफाई नहीं होने से मिट्टी पानी नहीं सूखने के कारण गांव की गलियों व घरों में जलभराव की स्थिति बनी गई थी। -दिलबाग सिंह, मिर्जापुर सरपंच।

### निकासी की मांग



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव अटेली विधानसभा में अनेक कार्य कर रही है, लेकिन उनके गांव की सबसे बड़ी समस्या जोहड़ के गंदे पानी निकासी की प्रमुख मांग थी। स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से जोहड़ की छंटाई चल रही है। जोहड़ की पूर्ण रूप से छंटाई होने से मक्खी-मच्छरों का प्रकोप भी खत्म होने के साथ दुर्गंध से भी छुटकारा मिलेगा।

## हट्टा बाजार के अतिक्रमण पर चलेगा नपा का पीला पंजा

# 20 वर्ष पहले हुआ था सड़क का निर्माण, अब गहरे गड्ढे, वाहन चालक व राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर की 11 हट्टा बाजार के अतिक्रमण के खिलाफ नपा बड़ा कदम उठा सकती है। नपा की ओर से बाजार में मुनादी करवाकर दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। सोमवार को नपा पुलिस बल के साथ बाजार के अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

बता दें कि इस मार्ग को पुराने नारनौल रोड के नाम से जाना जाता हैं। इस मार्ग पर शहर के मुख्य बाजार भी लगता हैं। इसके अलावा नारनौल से रेवाड़ी की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मसानी चौक, पाठशाला रोड, परशुराम चौक, बास मोहल्ला, सैनीपुरा, गुर्जरों की ढ़ाणी में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर पांच-छह फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इसके अलावा बाजार में किए गए अतिक्रमण के चलते दिनभर बाजार में जाम की स्थिति रहती है। जाम के कारण बाजार में आने वाले ग्राहको को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। 2 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का सफर तय करने में वाहनों का आंधे घंटे का समय लग जाता है। अतिक्रमण हटने के बाद राहगीरों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।



महेंद्रगढ़। सड़क निर्माण के लिए बिछाई गई रोड़ियां। फोटो: हरिभूमि

### गांवों को मिलेगा फायदा

11 हट्टा बाजार की सड़क का निर्माण 2.60 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। ठेकेदार की ओर से सैनीपुरा मोहल्ला की ओर से सड़क का निमार्ण कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं पिछल्ले सप्ताह ठेकेदार की ओर से मुख्य बाजार की सड़क का भी निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन नपा चेयरमैन व दुकानदारों ने ठेकेदार पर घटिया साम्रगी का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया गया था। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148-बी से जोड़ता है।

इसके अलावा यह मार्ग 50 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर 500 से अधिक दुकान हैं, जिसके कारण आमजन, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के लोगों की माने तो करीब 20 वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद नगर पालिका ने इस मार्ग की कभी सुध नहीं ली। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

### कड़ी कार्रवाई करेंगे

नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि बाजार में अतिक्रमण हटाने को लेकर मुनादी दी गई है। दुकानदार स्वयं अपना अतिक्रमण हटा दें। अन्यथा अगले सप्ताह नपा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करेगी। 11 हट्टा बाजार की सड़क पर किए गए अतिक्रमण के चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। दिनभर बाजार में जाम की स्थिति रहती है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर निर्माण कराया जाएगा। इससे दुकानदारों को भी फायदा मिलेगा।



महेंद्रगढ़। बच्चों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन व अन्य सामान। फोटो: हरिभूमि

# श्रीकृष्णा स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह ने की। समर कैंप में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉडिनेटर सुशीला यादव व स्मृति शर्मा ने बताया कि समर कैंप में बच्चों में अनेक प्रकार की कलाएं सिखाई गई। जैसे फोटो फ्रेम बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना, नृत्य, आग कम पकाना, प्रेरणात्मक फिल्म, जल क्रीकड़ा, कलां और शिल्प, क्ले माडलिंग कलात्मक गतिविधियों के विषय में ज्ञान तथा प्रशिक्षण प्राप्त किया। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा साथ ही बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर प्रदान करती है। प्राचार्य डा. सुमेर सिंह यादव ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को खान पान व अच्छी आदतों के बारें में उनकों बारिकी से समझाया। इस तरह के आयोजन से बच्चों को नई-नई चीजें सीखने का मौका मिलता है। बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी शिक्षक, बच्चों को बधाई दी।

# महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित बचपन प्ले स्कूल में शुक्रवार को कथा व्यास आचार्य गौरव दीक्षित महाराज ने एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कथा व्यास आचार्य गौरव दीक्षित महाराज ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सभी शहरवासियों के सहयोग से दो जून को प्रातः आठ बजे एक तुलसी यात्रा से किया जाएगा। यह यात्रा बचपन प्ले स्कूल से प्रारंभ होकर वापस कथा स्थल स्कूल में पहुंचेगी और शहर के बच्चों द्वारा भागवत कथा के प्रसंग से संबंधित मनमोहक झांकियां भी पेश की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की तुलसी यात्रा शहर में पहली बार निकाली जाएगी, जिसमें अपना कूपन दिखाने के पश्चात सभी माता-बहने कलश की बजाय तुलसी का गमला लेकर शामिल होंगी। भागवत धर्म सेवा परिवार का एक संकल्प है घर घर तुलसी, हर घर तुलसी, इसी संकल्प की पूर्णता के लिए सभी माता-बहन कलश के स्थान पर तुलसी कलश को धारण करेंगी व सात दिन आपके द्वारा ही तुलसी माता का पूजन भागवत के साथ कराया जाएगा। कथा प्रबंधक व नपा प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि इस तुलसी यात्रा में शामिल सभी महिला एवं श्रद्धालुओं को आचार्य गौरव दीक्षित महाराज के द्वारा एक मुखी से लेकर 14 मुखी तक विशेष रुद्राक्ष प्रसाद स्वरूप भेंट किए जाएंगे। सवा लाख शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः आठ बजे से प्रातः 11 बजे तक होगा तथा श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन शाम तीन से छह बजे तक होगी। कथा प्रारंभ से पूर्व दो जून को प्रातः आठ बजे बचपन प्ले स्कूल से एक विशाल तुलसी यात्रा शुरू होगी जो भगवान परशुराम चौक की परिक्रमा लगाकर वापिस कथा स्थल पर पहुंचेगी। इस मौके पर सुभाष जैन, मुकेश मेहत्ता व अन्य मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। बचपन स्कूल में पत्रकारवार्ता करते आचार्य गौरव दीक्षित महाराज।

# आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस आयोजित, कई विषयों पर मंथन

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस हार्बिंजर लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से प्राचार्य ने शामिल होकर शिक्षा में सुधार को लेकर नई बातों को ग्रहण किया, वहीं शिक्षण को ओर बेहतर बनाने को लेकर अपने सुझाव सांझा किए। शैक्षणिक, परीक्षा, भाषा संर्वधन से लेकर सह-पाठ्यचर्या, नैतिक मूल्यों को विकसित करने और प्रत्येक छात्र में एक मजबूत व्यक्तिगत चरित्र का पोषण करने जैसे संवादों का आदान-प्रदान इस कार्यक्रम का हिस्सा रहा। कांफ्रेस में मुख्यवक्ता आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि समय के साथ-साथ शिक्षण कार्य में भी बदलाव आवश्यक है ताकि देश की भावी पीढ़ी समय के साथ आगे बढ़े और अपना लक्ष्य हासिल कर देश के नवनिर्माण में भी अपना अहम योगदान दे सकें। सीईओ इंजी. मनीष राव कहा कि समय के साथ-साथ हमें भी अपडेट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जीवनभर सीखता है। इसी प्रकार से शिक्षण कार्य को समय के अनुसार ओर बेहतर बनाने के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से हो। समय-समय पर साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जाए। शिक्षकों द्वारा समय-समय पर वर्कशीट, असाइनमेंट प्रसारित हो, पाठयक्रम को रुचिकर बनाकर उसमें बच्चों की रुचि को शामिल किया जाना चाहिए। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक है। इसके लिए हमें स्कूल स्तर पर बच्चों को जागरूक करना अति आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि एनईपी का फोकस एक व्यापक, बहुविषयक शिक्षा पर है जो रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करती है। इस मौके पर विक्रम यादव, रमन प्रीत कौर, बाबूलाल यादव, अनुपम गोयल, प्रीति लांबा, पूजा शर्मा, अंजू यादव, शिम्पी सिंह, किरण राव व अन्य मौजूद रहे।




महेंद्रगढ़। कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस में मौजूद प्राचार्य।



नारनौल। बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# सूरज स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** सूरज स्कूल में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुंजन, द्वितीय सौम्या तथा तृतीय स्थान अंकिता ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में महक ने प्रथम, दक्ष ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान रिशु ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सूरज ग्रुप डिप्टी डायरेक्टर आदित्य प्रसाद ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण बचाने के महत्व पर संबोधित किया और प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा दी। एसडीओ अजय नरवाल व जेई योगेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। प्राचार्या रितू नरवाल ने भी पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रकृति के संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का संकल्प लिया।

# राव जयराम स्कूल की छात्रा हिमानी ने कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा तीसरी की छात्रा हिमानी पुत्री जितेंद्र निवासी मौहल्ला सैनीपुरा ने 24 व 25 मई को जींद में आयोजित 35वीं हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले और स्कूल का नाम रोशन किया हैं। हरियाणा स्टेट कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हर जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा को प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि हमारी छात्रा की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल राव जयराम स्कूल का नाम ऊंचा किया है, बल्कि महेंद्रगढ़ जिले को भी राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि छात्रों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा स्कूल वर्ष 2001 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के लिए जाना जाता है। यहां पर शिक्षा को केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया के रूप में देखा जाता है।



महेंद्रगढ़। छात्रा हिमानी को सम्मानित करते हुए।

## फिल्म निर्देशक सन्नी अग्रवाल मुख्यमंत्री से मिले

# महासर धाम फिल्म की स्टारकास्ट फाइनल, दो घंटे की होगी मूवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव में स्थित महासर माता मंदिर पर महासर धाम फिल्म के माध्यम से उसकी महिमा उसके इतिहास के बारे में उसके भक्तों व दूसरे लोगों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। फिल्म के निर्देशक सन्नी अग्रवाल के दिशा निर्देशन में बनने वाली मूवी दो घंटे की होगी तथा उसमें मुख्य कलाकारों में सुपरस्टार हेमा मालिनी, मुकेश खन्ना (पितामह भीष्म) होंगे। फिल्म के निर्माता भामाशाह श्रीधर गुप्ता व दीपक अग्रवाल हैं।

फिल्म की शूटिंग महासर गांव व उसके आसपास में होंगी। इसके लिए फिल्म के डायरेक्टर सन्नी अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर मूवी के बारे में बताया है। निर्देशक ने बताया कि सीएम ने फिल्म निर्देशक व टीम को हर प्रकार का सहायता का आश्वासन देने के साथ हरियाणा फिल्म इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने के लिए का भरोसा दिया है। फिल्म की शूटिंग जुलाई माह में प्रारंभ होगी तथा अगले वर्ष भारत वर्ष में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता भामाशाह श्रीधर गुप्ता ने बताया कि उसका फिल्म बनाने का मकसद माता रानी का प्रचार प्रसार भारत व दुनिया में हो। भगवत भवन के मैनेजर रूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से फिल्म की पूरी टीम महासर माता धाम पर आये हुए है तथा हर प्रकार लोकेशन व जानकारी जुटा रहे है। बता दें कि फिल्म के निर्देशक का मुंबई बॉलीवुड में सक्रिय है तथा अनेक फिल्मों अभिनय व निर्देशन किया किया है। इससे पहले उनकी सुपरहिट फिल्म जय जीण माता, श्याम धणी दातार व धन्ना जाट, जीवती रै बेटी, माटी हेलो पाड़े रे जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। बता दें कि महासर माता मंदिर के जीर्णोद्धार में भामाशाह श्रीधर गुप्ता का विशेष सहयोग रहा है, जो माता रानी के भक्त है, माता के साल में आने दोनों नवरात्रों में यहां आ कर माता के भक्तों की सेवा करते हैं।





मंडी अटेली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को महासर माता मंदिर की फोटो भेंट करते हुए निर्देशक सन्नी अग्रवाल।



नारनौल। श्रमिकों को भोजन वितरित करते हुए।

# श्रमिक आहार योजना प्रकल्प के तहत श्रमिकों को भोजन वितरित किया

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को श्रमिक आहार योजना प्रकल्प के अंतर्गत श्रमिकों के लिए अल्पाहार व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजक व ट्रस्टी दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में अमरपुर निवासी सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक अमीचंद शर्मा व आशा शर्मा ने अपनी पौत्री पल्लवी शर्मा के जन्मदिवस पर श्रमिकों को अल्पाहार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी राजकुमार यादव रातां वाले थे। अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका मुकेश देवी थी। कार्यक्रम में रोटेरियन नवीन गुप्ता व पवन यादव की विशेष उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि राजकुमार यादव ने कहा कि जन्मदिन शुबकामनाएं व दुआएं एकत्रित करने का दिन है। दलजीत शास्त्री व विपिन शर्मा ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सेवा कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने वाले होते हैं। रवीना सोनी व मुकेश देवी ने कहा कि प्रातः काम पर जाने वाले श्रमिकों को नाश्ता उपलब्ध कराना एक सुखद अनुभूति रहती है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व राकेश शर्मा ने आयोजकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अमीचंद शर्मा, आशा शर्मा, मोनल, राजकुमार यादव, पवन यादव, नवीन गुप्ता, विपिन शर्मा, दलजीत गौतम शास्त्री, रवीना सोनी, मुकेश देवी, राकेश शर्मा, सुभाष सिंगला, भीमसेन शर्मा, अजय शर्मा, ओशीन शुक्ला आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### विशेषज्ञों ने दी सरकारी योजना की जानकारी

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तीन टीमों का गठन कर विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे दिन गांव कुरहावटा, जेरपुर, मांडोला, नांगल माला, नांवा, डिगरोता, रिवासा, सिसोठ व भगडाना का दौरा किया। वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य, बागवानी, इफको, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र से कर्मचारियों ने किसानों के कल्याण के लिए भारत सरकार और हरियाणा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली

**सतनाली।** आपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कंवर सिंह यादव ने की। विधायक ने बताया कि हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य के सम्मान में सतनाली क्षेत्र में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक की अगुवाई में अनाज मंडी सतनाली से प्रारंभ हुई।

### एक नवीन व अनूठे प्रकल्प चरण पादुका अभियान का शुभारम्भ

# संवेदनशीलता से समझा जा सकता है श्रमिकों के पैरों की पीड़ा : महेश जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में सेवा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एक नवीन व अनूठे प्रकल्प चरण पादुका अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए ट्रस्टी अजय शर्मा व दिनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव महेश जोशी थे। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रमुख समाजसेवी प्रमोद शास्त्री व विजय अग्रवाल थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बलवान सिंह, कार्यकारी सचिव डॉ. एसपी सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के महावीर चौक स्थित कार्यालय में आयोजित इस समारोह में कुछ जरूरतमंद लोगों को सांकेतिक रूप से जूते चप्पल भेंट कर चरण पादुका अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया गया। संचालन डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने किया। महासचिव महेश जोशी ने कहा कि सेवा के हजारों रूप हैं, लेकिन मानव सेवा सर्वश्रेष्ठ सेवा की श्रेणी में शामिल है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट इस कार्य को बहुत बेहतर तरीके से अंजाम दे रहा है। चरण पादुका अभियान से श्रमिकों के पैरों की पीड़ा को संवेदनशीलता से समझा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि प्रमोद शास्त्री ने कहा कि जरूरंतमंद लोगों के पैरों का दर्द भी कोई संस्था समझ रही है, तो यह सेवा का सर्वोतम रूप है। उन्होंने इसके लिए ट्रस्ट को साधुवाद दिया। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट पैरों की फटी बिवाई से दिल तक



नारनौल। अभियान का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पहुंचने का प्रयास कर रहा है। रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव बलवान सिंह व कार्यकारी सचिव डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि सेवा के कार्यों में रेडक्रॉस की शाखा प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट को हर संभव मदद करेगी।

### क्या है चरण पादुका अभियान

चरण पादुका अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा व ट्रस्टी राकेश शर्मा ने बताया कि अनेक बार किसी जरूरतमंद महिला, बच्चे या पुरुष के पास जूते या चप्पल नहीं होते हैं। भयानक गर्मी के कारण या फिर अत्यधिक सर्दी के कारण उन लोगों के पैर घायल तक हो जाते हैं। अपने चरण पादुका अभियान के तहत प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सदस्य अपनी गाड़ियों में कुछ जोड़ियां जूते चप्पल रखेंगे, ताकि रस्ते में मिलने वाले किसी जरूरतमंद बच्चे या महिला को उसी समय पहना सके और उनको होने वाली तकलीफ से निजात दिलाया जा सके। चरण पादुका अभियान के तरह सवा सौ जरूरतमंदों को जूते चप्पल निःशुल्क उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि जब कोई संस्था आपके चरणों के जख्मों का दर्द समझ रही है, तो निश्चित रूप से उनके सेवा कार्यों का लेखा उत्कृष्ट ही होगा। रेडक्रॉस महासचिव महेश जोशी व विशिष्ट अतिथि प्रमोद शास्त्री, रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह, पवन यादव ने सांकेतिक रूप से चरण पादुका अभियान लोकार्पित किया। प्राइवेट स्कूल संघ प्रधान भीमसेन ने कहा कि ऐसे नवीन और दर्द से रहत दिलाने वाले कार्यों के लिए संगठन भी मदद देने को तैयार रहेगा। इस मौके डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, दिनेश शर्मा प्राचार्य, रोटेरियन पवन यादव, जिला सहसेवा प्रमुख देवदत्त शर्मा, प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान भीमसेन शर्मा, शिक्षाविद राकेश शर्मा, ट्रस्टी अजय शर्मा, अशोक कुमार प्रवक्ता पटीकरा उपस्थित रहे।

### रेडक्रॉस सोसायटी में किसी भी उपकरण की नहीं रहने दी जाएगी कमी: महेश जोशी

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव महेश जोशी ने शुक्रवार को रेडक्रॉस कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों की बैठक ली। महासचिव महेश जोशी ने कहा कि रेडक्रॉस सेवा नर सेवा नारायण के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी में किसी भी उपकरण की कमी नहीं रहने दी जाएगी। आप लगन और मेहनत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि माय भारत पोर्टल पर सबसे अधिक पंजीकरण करने में हरियाणा में जिला महेंद्रगढ़ प्रथम स्थान पर है। इसके लिए उन्होंने ब्रिगेड ऑफिसरों व उनकी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पूरी लगन से कार्य करें, ताकि जिला महेंद्रगढ़ भारत में भी पहला स्थान प्राप्त करें। इस अवसर पर उन्होंने रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने जिला शाखा की ओर से संचालित प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र की ओर से दिव्यांगजन को बैटरी चलित तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन व कम्बोड चेयर वितरित की। रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सीताराम के पुत्र प्रमोद यादव ने रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह, डॉ. एसपी सिंह, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव भी मौजूद थे।




नारनौल। अटेली न्याय यात्रा का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## सरकार कर रही है अटेली हलके के साथ नाइंसाफी: अतरलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राज्य सरकार की ओर से अटेली हलके के साथ किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ बसपा नेता समाजसेवी अतरलाल की ओर से निकाली जा रही अटेली न्याय यात्रा जारी है। न्याय यात्रा हलके के सभी गांवों तथा ढाणियों में जा रही है। शुक्रवार को यात्रा भोजावास, इसराणा की ढाणी, कोका, रसूलपुर तथा गुढ़ा गांव में पहुंची। जहां ग्रामीणों ने यात्रा का समर्थन किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि अटेली न्याय यात्रा आंदोलन है। सरकार अटेली हलके के साथ जो नाइंसाफी कर रही है, उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन है। इस दौरान ग्रामीणों ने कनीना अटेली व कनीना नारनौल रूट पर हरियाणा रोडवेज की बसों की कमी के बारे में अतरलाल को अवगत करवाते हुए सुबह शाम इन रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाने की मांग की। कोका गांव के युवाओं ने गांव में खेल स्टेडियम बनाने तथा कोच नियुक्त करने की मांग की। अतरलाल ने सभी गांवों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उनका शीघ्र समाधान करवाने का भरोसा दिया।

यात्रा में कैप्टन सतीश यादव, महावीर सिंह, संजय शर्मा, रामकिशन पंच, दयानंद, होशियार सिंह, किशनलाल पंच, सुभाष निम्बल, सतीश आर्य, सतबीर, हनुमान सिंह, वेदप्रकाश, रामभगत, रामनिवास, बुधराम, कृष्ण, मुकेश नम्बरदार, नत्थूसिंह, मनोहर सिंह, शेरसिंह, सोमबीर, पृथ्वी सिंह, छत्रपाल, नरेश नम्बरदार, ब्रह्मप्रकाश, होशियार सिंह, गिरधारीलाल, मेघनाथ, दीक्षित, महेन्द्र आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता अपना बयान वापस लेकर समाज से मांगे माफी: सवाई सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में राजऋषि सवाई सिंह सिगड़ी ने कहा कि गत दिवस भाजपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा द्वारा भिवानी में एक प्रेस वार्ता की। उसमें पूर्व मंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम ने आतंकवादियों का सफाया किया।

इस प्रकार उन्होंने युगों पुरानी घटना का जिक्र करके अप्रत्यक्ष रूप से राजपूत समाज को आतंकवादियों की संज्ञा दे डाली, जबकि शास्त्रों में उस युग के दौरान कोई आतंकवादी शब्द नहीं आता। यह समाचार जब से प्रकाशित हुआ है, तभी से पूरे प्रदेश के राजपूत समाज व अन्य समाज के बुद्धिजीवी लोग में भारी आक्रोश हैं।

इसी विषय को लेकर दो जून को आंबेडकर चौक में एक सद्भावना सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजपूत समाज के अलावा अन्य समाज भी अपने भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व भाजपा के नेता अपने बयान वापस लेकर समाज से माफी मांगे, यदि ऐसा नहीं करते हैं तो जन आंदोलन किया जाएगा। भाजपा पार्टी को राजपूत समाज ने अपने खून से सींचकर फर्श से अर्श तक पहुंचाया हैं।



महेंद्रगढ़। रेस्ट हादस में पत्रकारवार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पीजी कॉलेज में अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के लिए योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में रेडक्रॉस, एनसीसी व एनएसएस के सौजन्य अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां हेतु योगा प्रोटोकाल अभ्यास करवाया गया। यह अभ्यास हरियाणा आयुष विभाग के तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल पटीकरा से आए प्रशिक्षक व योगा सहायक अरूण ढिल्लो, अंजू की टीम के सानिध्य में उपप्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर की अध्यक्षता में करवाया गया। उपप्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने विद्यार्थियों को बताया कि योग हमारी प्राचीनतम आध्यात्मिक विरासत है। इसे वैश्विक स्तर पर लोगों ने परख लिया है। योग एक चिकित्सा पद्धति के साथ साधना पद्धति भी है। महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को क्रियात्मक योगाभ्यासों के क्रम में प्रोटोकाल के तहत खड़े, बैठकर व लेटकर किए जाने वाले आसनों के साथ कमर, गर्दन और कंधों से संबंधित व्यायामों के साथ कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के साथ ध्यान का अभ्यास कराया गया। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है।



नारनौल। योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविरों को लेकर सीटीएम ने की समीक्षा बैठक

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशानुसार सोमवार व वीरवार को जिला तथा उप मंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आमजन द्वारा रखी गई शिकायतों की शुक्रवार नगराधीश मंजीत कुमार ने लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। मुख्यमंत्री खुद इन समाधान शिविरों की समय समय पर समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बारी बारी से सभी विभागों के अधिकारियों से इस सप्ताह आई समस्याओं के निराकरण के बारे में रिपोर्ट ली।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आडिटोरियम हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा ने किया। प्राचार्य ने कहा कि योग मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक शुद्धता का साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाए, जिससे वे स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जी सकें। योग क्लब प्रभारी एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. कैप्टन डॉ. शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया तथा उनके सही तकनीकी तरीकों और लाभों की विस्तृत जानकारी दी। योग को तनाव मुक्ति, एकाग्रता वृद्धि और सकारात्मक सोच का आधार बताया। एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. पविता यादव ने बताया कि कैसे नियमित योगाभ्यास से जीवन में अनुशासन, सयंम और ऊर्जा का संचार होता है।



महेंद्रगढ़। आडिटोरियम हॉल में योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### बजाड़ में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया

**मंडी अटेली।** बजाड़ के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। आयुष विभाग की ओर से आयुष योग एसिस्टेंट अमित रोहिल्ला ने 45 मिनट का योग अभ्यास कराते हुए कहा कि नियमित योग से दीर्घायु और निरोगी जीवन संभव है। योग एक ऐसा नाम है, जिसके पास कई समस्याओं का समाधान है। योग करने से न केवल शरीर चुस्त-दुरुस्त और तंदुरुस्त रहता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक समस्याएं कोसों दूर भाग जाती है। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक राकेश, अनीता, सुनीता कुमारी के अलावा विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

## शिक्षित नागरिकों से बनता है सुदृढ़ राष्ट्र: वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

ग्राम पंचायत गुजरवास के तत्वाधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेधा सम्मान से विभूषित किया गया। सरपंच वर्षा लखेरा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार एवं जिला पार्षद शमशेर यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम का संचालन कवि गीतकार डॉ. सीएस वर्मा प्रभाकर ने किया। प्राचार्य रोशनलाल गोठवाल ने आगंतुक मेहमानों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है, जिस पर हमारे बच्चों का सुंदर भविष्य टिका है। आज के मेधावी छात्र ही कल के भारत का निर्माण करेंगे और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। जिला पार्षद शमशेर सिंह ने कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, बल्कि व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व को आकार भी देती है।



मंडी अटेली। सम्मान समारोह में मेधावी बच्चों को प्रशंसा पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुण्य श्लोका धर्म रक्षीका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुण्य श्लोका धर्म रक्षीका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला मोर्चा भाजपा की ओर से गुरु द्रोणाचार्य स्कूल ढाणी किरारोद में बालिका दौड़ व अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की सहसंयोजक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा भारती सैनी, जिला सचिव महिला मोर्चा कुसुम निर्मल, रितु शर्मा व जिला उपाध्यक्ष माया सैनी, सिकंदर पार्षद, स्कूल चेयरमैन अजय सैनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### प्रशासन, सामाजिक, धार्मिक, राजनीति व शिक्षा संगठनों से जुड़े लोगों की होगी भागीदारी

# हरिभूमि का आज बस स्टैंड पर तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान तंबाकू से दूर रहने के लिए करवाए जाएंगे लोगों से हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर 31 मई को अग्रणी समाचार पत्र समूह दैनिक हरिभूमि बस स्टैंड नारनौल पर तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। वहां आने वाले लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित कर उनके हस्ताक्षर करवाएं जाएंगे।

इस दौरान प्रशासन, सामाजिक, धार्मिक, राजनीति व शिक्षा संगठनों से जुड़े लोग भी पहुंचेंगे। यह अभियान शनिवार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। अभियान में राव प्रहलाद सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़, दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल नारनौल, हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल अटेली, विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना, विला शिक्षा निकेतन नांगल चौधरी, शिव हाई स्कूल नांगल चौधरी की भागीदारी रहेगी। आपको बताते चले कि हरिभूमि का यह अभियान सामाजिक दायित्वों से जुड़ा हुआ अनोखा अभियान है जो एक समाचार पत्र को उसके कल्याणकारी कर्तव्यों से अवगत कराता है।




नारनौल। हरिभूमि तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान का लॉगो।

### तम्बाकू एक धीमा जहर: डॉ. दिनेश कुमार

हरिभूमि प्रतिवर्ष इस अभियान के माध्यम से समाज के सबसे बड़े शत्रु धूम्रपान से न केवल सावधान कर रहा है बल्कि युवाओं को जीवन के प्रति सकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग में डिप्टी सिविल सर्जन एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रक कार्यक्रम (एनटीसीपी) के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि तम्बाकू एक धीमा जहर है जो कि व्यक्ति के शरीर को अंदर से कमजोर एवं खोखला बना देता है। जिससे व्यक्ति तमाम तरह की घातक बीमारियों का शिकार हो जाता है और तो ओर कई बार व्यक्ति को इसकी वजह से मृत्यु तक का सामना करना पड़ता है। इसलिए तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को बताने के लिए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में हरिभूमि की यह पहल सार्थक है। आपको बताते चले कि भारत में तम्बाकू नियंत्रण पर रिपोर्ट 2004 के अनुसार देश में प्रतिवर्ष तम्बाकू का सेवन करने से आठ से नौ लाख मौतें होती है। तम्बाकू का सेवन करने के कारण हृदयाघात (78 प्रतिशत), तपेदिक (65.6 प्रतिशत), इनफ्रेक्शन (52 प्रतिशत), इसोफेजियल कैंसर (43 प्रतिशत)और मुंह का कैंसर (38 प्रतिशत) तथा फेफड़ों का कैंसर (16 प्रतिशत) का रोग जोखम है।